श्री शील वर्धन सिंह, भारतीय पुलिस सेवा (सेवानिवृत्त) का जीवनवृत्त

श्री शील वर्धन सिंह ने 37 वर्ष की विशिष्ट सेवा प्रदान की है।

वे एक अनुभवी सुरक्षा विशेषज्ञ हैं जो कार्यनीतिक सोच, वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और आंतरिक सुरक्षा विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते हैं और इन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति निर्धारण के उच्चतम स्तर पर अपना योगदान दिया है।

श्री शील वर्धन सिंह ने भारतीय उच्चायोग, ढाका में अपनी तैनाती के दौरान भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति को सुदृढ़ किया है।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के नवम्बर 2021 से अगस्त 2023 तक महानिदेशक के रूप में कार्य करते हुए, आपने एक दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया जिससे समस्त महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा में अभिवृद्धि हुई है।

श्री शील वर्धन सिंह ने अंग्रेजी आनर्स में कला स्नातक, प्रतिष्ठित वेस्ट यॉर्कशायर कमांड कोर्स, यूनाइटेड किंगडम से किया है और वे राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, भारत के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने लघु कहानियों के दो खण्ड लिखे हैं और द टाइम्स ऑफ इंडिया के कॉलम 'स्पिकिंग ट्री' में वे नियमित रूप से अपना योगदान देते हैं। उनका पॉडकास्ट 'द डायलॉग विदिन' जीवन और सजीवता पर उनके विशिष्ट परिप्रेक्ष्य को उजागर करता है।

उन्हें सराहनीय सेवा के लिए वर्ष 2004 में राष्ट्रपति पुलिस पदक और विशिष्ट सेवा के लिए वर्ष 2010 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

श्री शील वर्धन सिंह एक उत्साही खिलाड़ी, साहित्य एवं सांस्कृतिक अन्वेषण के प्रति संवेदनशील एवं एक समर्पित योगाभ्यासी हैं।

माननीय राष्ट्रपति जी ने श्री शील वर्धन सिंह को 'सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग' के रूप में 15 जनवरी, 2024 से सहर्ष नियुक्त किया है।

***